प्रेस नोट

जनपद आजमगढ़ (दिनांक 06.10.2024)

दंगा नियंत्रण अभ्यास जनपद आजमगढ़

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय हेमराज मीना के नेतृत्व में आज **दिनांक 06.10.2024** को आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर किसी भी आकस्मिक स्थिति दंगा और बलवा से निपटने तथा नियंत्रण करने हेतु पुलिसकर्मियों द्वारा दंगा नियंत्रण अभ्यास किया गया। आकस्मिक स्थिति में सुरक्षा/शांति एवं कानून व्यवस्था के सुदृढ़ किये जाने हेतु समस्त थानों व कार्यालयों से आए पुलिसकर्मियों द्वारा दंगा नियंत्रण अभ्यास में प्रतिभाग किया गया। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी-राइट गन, टीयर गैस गन,हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों व अन्य उपकरणों से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तथा अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान आर्मोरर रिजर्व पुलिस लाइन द्वारा थानों के दंगा नियंत्रण उपकरणों व शस्त्रों का निरीक्षण किया गया। उपकरणों का प्रयोग दंगाइयों/बलवाइयों पर करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गयी। दंगा नियंत्रण अभ्यास में **पुलिस अधीक्षक अजमगढ़**, **अपर पुलिस अधीक्षक नगर**, **अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण**, **सहायक पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक नगर, पुलिस उपाधीक्षक सगड़ी, पुलिस उपाधीक्षक फूलपुर** एवं समस्त थाना प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा प्रतिभाग किया गया।